बलरामपुर पुलिस

# 45 लाख रुपये के 202 स्मार्टफोन बरामद

**बलरामपुर।** जिले में गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस की साइबर सेल टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने भारत सरकार के संचार सारथी पोर्टल की मदद से 202 स्मार्टफोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत 45 लाख रुपये है। एसपी विकास कुमार ने बृहस्पतिवार को बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को सौंप दिए हैं।

## साइबर सेल टीम की सतर्कता से मोबाइल मिले

एसपी बताया कि मोबाइल फोन गुम होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस तकनीकी माध्यमों से उसकी बरामदगी का लगातार प्रयास कर रही है। जिले के सभी थानों पर साइबर सेल टीम गठित की गई है। गुम हुए मोबाइल की सूचना तत्काल पुलिस को देने पर उसकी बरामदगी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि गुमशुदा मोबाइल बरामद करने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। (संवाद)